एमएचआरडी ने जारी की 2019 के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

# टॉप-5 में हमारा आईआईएम आईआईटी को 13वां स्थान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने सोमवार शाम 2019 के लिए देशभर के शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी की। इसमें इंदौर के प्रमुख संस्थान दोबारा अच्छी जगह बनाने में कामयाब रहे। सबसे ज्यादा फायदा आईआईएम इंदौर को मिला। इसे 5वें स्थान पर रखा है, जो पिछले साल 11वें स्थान पर था। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी और आईआईटी इंदौर (13वीं) की रैंकिंग में एक अंक का सुधार हुआ है। मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, फार्मेसी, लॉ,




मेडिकल, आर्किटेक्चर सहित यूनिवर्सिटी की रैंक निर्धारित करने के लिए हर साल नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क की घोषणा की जाती है। टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेस, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरिच एंड इन्क्लुजिविटी और परसेप्शन के आधार पर रैंक की घोषणा हुई। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को ओवरऑल कैटेगरी के साथ यूनिवर्सिटी कैटेगरी में 100 से 150 की श्रेणी में रखा है, जबकि पिछले साल यूनिवर्सिटी 151 से 200 के बीच थी। यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी को फार्मा श्रेणी में 55वीं रैंक मिली। हालांकि, पिछले साल स्कूल ऑफ फार्मेसी 45वें स्थान पर था। कुलपति प्रो. नरेंद्र धाकड़ ने कहा, यूनिवर्सिटी में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फैकल्टी की कमी दूर होने के बाद और अच्छे नतीजे देखने को मिलेंगे।

**Patrika (Indore), 9th April 2019, Page-1**